**खबर संक्षेप**



### विजयी होने पर विधायक ने दीं शुभकामनाएं

**नीलोखेड़ी।** वार्ड नंबर 3 से पार्षद सुखविंदर कैनवाल उर्फ बबलू ने दूसरी बार जनता का प्रेम प्राप्त कर 338 मतों से विजय प्राप्त की जोकि जनरल वार्डों में सर्वाधिक मतों से विजय गणित हुई।इस अवसर पर पार्षद सुखविंदर कैनवाल वशिष्ट सहयोगियों के साथ हल्का विधायक भगवानदास कबीरपंथी के निवास स्थान पर पहुंचे और विधायक ने उन्हें हार्दिक शुभकामनायें दी। इस बारे अमित कुमार ने बताया कि वार्ड में कुल 650 वोट पोल हुई जिसमें 2 वोट नोटा और सुखविंदर कैनवाल ने 493 वोट प्राप्त किए।

### सामूहिक श्री महालक्ष्मी यज्ञ एवं अनुष्ठान भंडारा

**करनाल।** ऊं शिव ऊं माँ अन्नपूर्णा भंडारा सेवा समिति द्वारा श्री ब्रहमलीन संत श्री बाबा बंसी वाले जी के आर्शीवाद से सुखसमृद्धि हेतू सामुहिक परिवारों द्वारा शुद्ध देसी घी की 101000 आहुतियों से किया गया। आठ विद्वानों ब्राह्मणों ने मंत्रोउच्चारण किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय बठला पूर्व प्रतिनिधि मुख्यमंत्री, नरेन्द्र गुप्ता, चिराग गुप्ता, सुनील बिंदल, विजय बिंदल ने पावन ज्योत प्रज्जवलित की।

### कथा को सुनने से मनुष्य के पाप हो जाते हैं नष्ट

**इंद्री।** आर्य समाज मंदिर इंद्री में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का दिव्य आयोजन शुरू किया गया । यह श्रीमद्भागवत कथा 16 से लेकर 23 मार्च तक चलेगी। पहले दिन कथा वाचक आचार्य दिनेश शरण ने भागवत कथा की महिमा का सुन्दर गान किया । उन्होने अपने कथा वाचन में बताया गया कि श्रीमद्भागवत एक भगवान का दिव्य स्वरूप है और श्री कृष्ण का स्वरूप है । कथा को सुनने मात्र से ही मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते है । उन्होने बताया कि धुंधुकारी अपने बुरे कर्मों के कारण प्रेत योनि में चला गया तब उसके भाई गोकर्ण ने उसे श्रीमद्भागवत कथा सुनाकर प्रेत योनि से मुक्ति दिलाई ।

# शक्ति-सामर्थ्य के अनुसार सेवा करने में संकोच न करें : मुनि पीयूष

**खास बातें**

- महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देव तीर्थस्थान के वार्षिक स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित
- सभी धर्म तथा नैतिक मूल्यों की अवधारणाएं सेवा पर भी बल देती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मानव जीवन की सफलता तथा उपयोगिता सेवा और परोपकार के सद्गुण पर आश्रित हैं। सभी धर्म तथा नैतिक मूल्यों की अवधारणाएं सेवा पर बल देती हैं। सेवा से परमात्मा की कृपा मिलती है और आशीर्वाद से झोलियां भरती हैं। सेवाशील व्यक्ति को कोई कमी नहीं रहती और सभी प्रकार की संपत्तियां उसकी नियति का भाग बन जाती हैं। इसलिए, अपनी शक्ति और सामर्थ्य के अनुसार सेवा करने में संकोच नहीं करना चाहिए। महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देव तीर्थस्थान के वार्षिक स्थापना दिवस पर आयोजित सेवा संकल्प दिवस पर भारत संत गौरव उपप्रवर्तक पीयूष मुनि जी महाराज ने खचाखच भरे वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि ऑडिटोरियम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ क्रियाकाण्डों तथा अनुष्ठानों से धार्मिक होना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि भावों में सेवा की वृत्ति लाकर उसके अनुरूप व्यवहार और क्रियाकलाप करना आवश्यक है। श्री आत्म मनोहर जैन वैलनेस सेंटर तथा जीव दया केंद्र के भवनों का लोकार्पण किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रेम गोयल, इंद्रेश कुमार, किशोरकांत खास तौर पर उपस्थित रहे। समारोह गौरव के रूप में पधारे विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने वसुधैव कुटुंबकम की धारणा वाली भारतीय संस्कृति को सर्वश्रेष्ठ बतलाते हुए सभी को संकुचित संकीर्णताओं से ऊपर उठकर प्रेम तथा मैत्री के सूत्र में बंधकर जीवन को सफल बनाने की प्रेरणा दी।

मुख्यमंत्री, हरियाणा के प्रतिनिधि के रूप में उनके राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, कर्णदेव कंबोज, मेयर रेनू बाला गुप्ता, आबकारी कराधान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेंद्र कल्याण, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के लोस प्रतिनिधि कविंद्र राणा, मुख्य सचेतक रामकुमार कश्यप विधायक, गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद, महामंडलेश्वर राघवेंद्र भारती, महामंडलेश्वर दिव्यानंद योगीराज, स्वामी संपूर्णानंद आर्य, उदासीन संप्रदाय महामंडलेश्वर स्वामी शांतानंद, महंत स्वतंत्र देव सिंह, साध्वी समता दीदी आदि धर्म गुरुओं ने सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए पीयूष मुनि जी महाराज को बधाई देते हुए, उनके सेवा संकल्पों को साकार करने में सहयोगी श्रद्धालु भक्तों को भी आशीर्वाद दिया। इंद्रमोहन- चंद्रमोहन जैन (सी.मोहन इंटरनेशनल- लुधियाना) राजन जैन (अरिहंत ज्वैलर्स - जालंधर) विशाल जैन (श्री सुदर्शन फैब्रिक्स - लुधियाना) विनोद जैन (प्रेम प्रॉपर्टीज, मालेरकोटला) ने वैलनेस सेंटर के अलग-अलग फ्लोर का उद्घाटन किया। अध्यक्षता रिपन जैन (श्रमण शॉल, लुधियाना) ने की और मुख्य अतिथि प्रदीप जैन (प्रदीप पब्लिकेशन, जालंधर-दिल्ली) रहे।

### महाराजा अग्रसैन भवन ने पहचान बनाईः बंसल

**करनाल।** वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा होली का रंगोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ अपने सैक्टर 8 स्थित नव निर्मित विशाल महाराजा अग्रसेन भवन में फूलों की होली के रूप में मनाया जिसमें ट्रस्ट के सदस्यों व परिवारजनों ने बढ़चढ कर भाग लिया। उत्सव की बिशेषता रही कि इसमें मात्र फूल, गुलाल,चंदन से होली खेली गयी और जल अथवा हानिकारक रंगों का प्रयोग नही किया गया व समस्त उपस्थित समुदाय ने होली के परिचित गीतों की धुनों पर नृत्य संगीत व स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। ट्रस्ट के प्रधान व लिबर्टी ग्रुप के एम डी शम्मी बंसल ने सभी सदस्यों व परिवारजनों को महान पर्व की शुभकामनाएं व भवन के बारे में जानकारी दीं,सचिव डॉ पी के जैन ने मंच संचालन और विनोद गुप्ता ने समस्त आगंतुकों का धन्यवाद किया।

## राजपूत समाज की दहेज पर बड़ी चोट, 'तिलक' न देने वाले 25 परिवार सम्मानित

# दहेज न देने वालों ने राजपूत समाज को दी नई दिशा

राजपूत सभा करनाल की तरफ से मेधावी छात्र-छात्राओं उत्कृष्ट खिलाड़ियों और पत्रकारों को भी किया सम्मानित

*असंध विधायक योगेंद्र राणा बोले ऐसे कार्यक्रमों से मिलती है प्रेरणा*



करनाल। महाराणा प्रताप भवन में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते अतिथि महाधिवक्ता परविंदर सिंह चौहान, विधायक योगेंद्र राणा व अन्य अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राजपूत सभा करनाल की तरफ से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राजपूत समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों, दहेज न लेने वाले परिवारों और राजपूत समाज के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता असंध विधायक योगेंद्र राणा ने की, मुख्य अतिथि के तौर पर महाधिवक्ता हरियाणा सरकार परविंदर सिंह चौहान शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अतिरिक्त महाधिवक्ता पंजाब सरकार दीपेंद्र सिंह, हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के सदस्य भूपेंद्र सिंह चौहान और समाजसेवी सतीश राणा ने की। कार्यक्रम में राजपूत सभा के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष कुलदीप नंबरदार उचाना, महासचिव बृजपाल राणा एडवोकेट तथा समस्त कार्यकारिणी व समाज के लोगों ने अतिथियों का पगड़ी और शाल से स्वागत किया और सम्मानित होने वाले लोगों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाजसेवी सतीश राणा कैरवाली ने राजपूत सभा करनाल को 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महाधिवक्ता हरियाणा सरकार परविंदर सिंह चौहान ने कहा राजपूत समाज के दहेज न लेने वाले परिवारों ने पूरे राजपूत समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है।सभी को इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष और असंध से विधायक योगेंद्र राणा ने करनाल राजपूत सभा का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज को प्रेरणा मिलती है। हमारे समाज की ऐसी प्रतिभाएं जिनके बारे में ज्यादातर लोगों को नहीं पता था अब इन सब के बारे में इस मंच के माध्यम से सभी को पता चलेगा और यह दूसरे युवक युवतियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह चौहान, दीपेंद्र सिंह, सतीश राणा, कर्नल देवेंद्र सिंह, एसपी सिंह सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार रखें और सभी सम्मानित होने वालों को बधाई दी और कहा कि आपके संघर्ष के कारण समाज के अन्य लोग भी प्रेरित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। सम्मानित होने वालों में ऐसे 30 मेधावी छात्र-छात्राएं शामिल थे जिनका जेईई, एमबीबीएस, एमडी, एमएस, क्लैट तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को पास कर करके गवर्नमेंट कॉलेज या यूनिवर्सिटी में एडमिशन हुआ है। 25 ऐसे परिवार जिन्होंने बिना दहेज के शादी की है । ऐसे लोग समाज के लिए नजीर बने हैं। 15 ऐसे उत्कृष्ट खिलाड़ी जिन्होंने जिला प्रदेश तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर मेडल जीते हैं और करनाल जिले के राजपूत समाज के करीब 15 पत्रकारों को सम्मानित किया।

**यह रहे मौजूद**

इस अवसर पर नरेंद्र प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष राजपूत सभा, संरक्षक कर्नल देवेंद्र सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष सोहन सिंह राणा, हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के युवा अध्यक्ष अनिल चौहान, बीजना, महासचिव बृजपाल राणा एडवोकेट, उपाध्यक्ष कुलदीप नंबरदार उचाना, महिला अध्यक्षा मृदुला चौहान, आरपी सिंह एक्स टाउन प्लानर, एसपी सिंह रिटायर्ड सेशन जज, कुंवर अमित सिंह गुरदीप राणा बीजना, रामपाल राणा, तेजपाल बीजना, प्रमोद चौहान, रनदीप चौहान, भूप सिंह राणा, मेहर सिंह राणा, मोहर सिंह राणा, योगेंद्र राणा,गौरव राणा मैनेजर दीपक मैनेजर सहित काफी संख्या में समाज के मेधावी छात्र उत्कृष्ट खिलाड़ी दहेज न लेने वाले लोग और पत्रकार उपस्थित रहे।



# पांच जरुरतमंद कन्याओं के हाथ पीले करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

सामाजिक संस्था विशाल भगवती जागरण मंडल की ओर से 20वां विवाह महोत्सव का किया आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पांच जरूरतमंद कन्याओं के करवाए हाथ पीले करवाए गए। विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण के बड़े भाई ए सी एस देवेंद्र कल्याण ने कार्यक्रम में पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद दिया। व नव दम्पत्ति के उज्वल भविष्य की कामना की। सामाजिक संस्था विशाल भगवती जागरण मंडल की ओर से हर वर्ष जरूरतमंद कन्याओं के लिए विवाह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज मंडल की ओर से पांच जरूरतमंद कन्याओं के हाथ पीले करवाए गए। एस डी मंदिर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण के बड़े भाई ए सी एस देवेंद्र कल्याण ने नव दंपति को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सामाजिक संस्था द्वारा जिस प्रकार का यह कार्य करवाया जाता है वह वास्तव में एक सरहानीय कार्य है उन्होंने कहा कि आज के समय में कन्यादान ही महादान है और संस्था द्वारा जागरण की चौकियां लगाकर जो पैसा एकत्रित किया जाता है इस पैसे से हर वर्ष जरूर कन्याओं की शादियां करवाई जाती है।आज भी पांच जरूरत मंद कन्याओं की शादी करवाई गई है जो वास्तव में एक पुण्य का कार्य है क्योंकि विवाह योग्य कोई भी बेटी किसी परिवार की नहीं बल्कि पूरे समाज की होती है। संस्था द्वारा इन कन्याओं को दहेज में यथासंभव सामान भी दिया जाता है।

**ये परिणय सूत्र में बंधे**

विवाह महोत्सव में काजल संग विक्की,वर्षा सँग राहुल, शिवानी संग राजकुमार, कोमल सँग धर्मपाल, व रंजना संग सुनील ने एक दूसरे के संग सात फेरे लिए। इस मौके पर समाजसेवी अनिल गर्ग, अनिल जैन, डॉ हरिओम भाटिया, हरबंस लाल चुघ, ललित चुघ, सन्नी बजाज, भावुक चुघ, डॉ सतपाल बिंद्राबन, गुलशन जुनेजा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शास्त्रों में भी अन्न दान का महत्व बताया गया किशोर नागपाल

**करनाल।** श्री सावन जोत सभा करनाल द्वारा हर महीने की भांति इस बार भी पर विशाल भंडारे का आयोजन स्टैंडर्ड ट्रैक्टर पुराना जीटी रोड करनाल पर किया गया जिसमें हजारों की संख्या में आते जाते राहगीरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया सभा के प्रधान किशोर नागपाल ने कहा हमारी सभा द्वारा हर महीने की पूर्णिमा पर विशाल भंडारे का आयोजन करती है पूर्णिमा होली के कारण रविवार भंडारा लगाया गया शास्त्रों में भी अन्न दान को सबसे श्रेष्ठ बताया गया है इंसान को अपने जीवन में पुण्य कार्य करते रहना चाहिए क्योंकि कहा गया है नर सेवा ही नारायण सेवा है इंसान द्वारा किया गया नेक कार्य फलीपुत होता है उसकी आने वाली पीढ़ी को भी उसका फल मिलता है इस मौके पर सभा के चेयरमैन कैलाश सचदेवा प्रधान किशोर नागपाल सचिव जतिंदर कटारिया अजय दीवान रघुवीर सिंह अजीत सिंह ऋतु वर्मा सतपाल शर्मा लव सेतिया पुनीत शर्मा रवि कठपाल भारत भूषण लूथरा गगन चावला उमेश सचदेवा मुकेश कुमार सेवा में उपस्थित थे।

# रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए शहीदों के परिवार आगे आए

- उनके हस्ताक्षरों से युक्त प्रशस्ति पत्र रक्त दाताओं को प्रदान किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

देश भर के रक्त दाताओं का हौंसला बढ़ाने और स्वैच्छिक रक्त दान को देश में बढ़ावा देने के लिए अब शहीदो के परिवार आगे आए हैं और उनके हस्ताक्षरों से युक्त प्रशस्ति पत्र रक्त दाताओं को दिए जा रहे हैं। पूरे देश ने लगभग 1.5 लाख रक्त दाताओं को दिए जाने वाले प्रशस्ति पत्र में देश की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद ए आज़म भगत सिंह, शहीद राजगुरु, शहीद सुखदेव, शहीद ऊधम सिंह और शहीद अशफाक उल्ला ख़ान के परिवार जनों के हस्ताक्षर हैं। वहीं साथ ही इस आज़ादी को बचाए रखने के लिए देश की सरहदों पर शहीद होने वाले परमवीर चक्र शहीद अब्दुल हमीद, परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों, परमवीर चक्र कैप्टन निर्मल बत्रा, शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट जयंत ऋषि, फ्लाइंग ऑफिसर जी एस ढींडसा के परिवार जनों के हस्ताक्षर हैं। इस सर्टिफिकेट को आज रिलीज करते हुए पन्नू ने कहा कि इस सर्टिफिकेट को पाकर जहाँ देश के 1.5 करोड़ रक्त दाता सम्मानित महसूस करेंगे वहीं साथ ही इन शहीदों के जीवन को जानने का प्रयास करेंगे। इस एक कदम से देश के युवा रक्त दाताओं में राष्ट्रीयता की भावना में बढ़ोतरी होगी। यह सम्पूर्ण अभियान भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी व नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन के सहयोग से चलाया जा रहा है। पन्नू ने बताया कि देश भर की निफा शाखाओं और सामाजिक संस्थाओं को संवेदना 2 अभियान से जोड़ने के लिए अब इसका दायरा बड़ते हुए इसे 16 मार्च से 30 मार्च तक कर दिया गया है। पन्नु ने बताया कि सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) द्वारा देश भर में आयोजित किए जा रहे रक्त दान के महा अभियान संवेदना 2 की आज शुरुआत हो चुकी है। देश भर में अनेक स्थानों पर निफा शाखाओं व सहयोगी संस्थाओं द्वारा आज रक्त दान शिविर लगाकर संवेदना अभियान का शुभारंभ किया गया। करनाल के गांव रिंडल में आयोजित रक्त दान शिविर में 60 रक्त दाताओं ने अपना रक्त दान किया। रक्त दान शिविर के बाद आज करनाल क्लब के त्रिपती हाल में निफा के संरक्षक व अजीवन सदस्यों की बैठक आयोजित की गई जिसके बाद प्रेस को संबोधित करते हुए निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू ने यह जानकारी सांझी की। निफा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा व राष्ट्रीय कार्यकारिणी से प्रवेश गाबा ने सभी करनाल वासियों से बढ़ चढ़ कर इस अभियान में हिस्सा लेने और 23 मार्च के वंदे मातरम् समारोह में शामिल होने का आव्हान किया।

### कर्ण झील से हटाया कचरा

**करनाल।** कर्ण झील, जो चण्डीगढ़ और दिल्ली के लगभग मध्य, करनाल शहर में स्थित है। झील के शांत जल और हरे-भरे आसपास के वातावरण, इसे आराम के लिए, पिकनिक और नाव चलाने के लिए आदर्श स्थान बनाते है। लेकिन यहाँ आने वाले पर्यटक अकसर यहाँ पानी की खाली बोतले, प्लास्टिक बैग व पोलीथीन इधर उधर फ़ेक देते हैं जिस से जहाँ झील के जलीय जीवन ओर पारिस्थिकी तंत्र को नुकसान पहुंचता है वहीं इसकी सुंदरता भी कम होती है। करनाल में कक्षा-11 की छात्रा ओंशी ने इस समस्या के समाधान की तरफ ध्यान दिया व झील को साफ करने के लिए सराहनीय कदम उठाया। पिछले तीन सालो में उसने कई बार प्लास्टिक कचरे को कर्ण झील से इकठ्ठा किया है एवं प्लास्टिक कचरे को कूड़ा दान मे डालने के लिए लोगों से आग्रह किया है। ओन्शी के इन्ही प्रयासो से झील के सौन्दर्य मे सुधार हुआ है व उसने झील पर घूमने आये सभी लोगो से अपील की है की कर्ण झील हमारे शहर का सबसे सुन्दर एवं शांत स्थान है, हमे यहाँ पर प्लास्टिक व अन्य कचरा नहीं फैलाना चाहिए एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

- 11वी की विद्यार्थी ओन्शी को जनून है सार्वजनिक स्थानों को साफ़ सुथरा रखने का



### भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए करनाल से 30 ने किया नामांकन, संगठनात्मक प्रकिया पूरी, कल होगी नियुक्ति

**करनाल।** आज भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि कल हरियाणा में भाजपा जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी इसके लिए सभी संगठनात्मक प्रकिया पूरी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं मंडल अध्यक्षों की सिफारिश एवं कार्यकर्ताओं से सुझाव लेने के एवं आपसी चर्चा के पश्चात ही इस पर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष के लिए आज दोपहर तक का समय निर्धारित था और इस निर्धारित अवधि में करनाल जिला से 30 कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया है।जिसमें से करनाल विधानसभा से 15,घरोंडा से 1, नीलोखेड़ी से 7, ???? से 4 और इंद्री विधानसभा से 3 कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष बनने हेतु आवेदन किया है। उन्होंने इस मौके पर पत्रकारों के सवालों का उत्तर देते हुए कहा कि देश कांग्रेस से मुक्त हो चुका है और इस की शुरुआत करनाल से हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार करनाल लोकसभा एवं करनाल की सभी 9 विधानसभाओं में हुई कांग्रेस की हार और इसी प्रकार करनाल में मेयर चुनाव में एवं करनाल के पार्षद पद के 20 वार्डों में से 15 वार्डों पर भाजपा की जीत यह दर्शाती है देश से कांग्रेस की विचारधारा समाप्त हो चुकी है। इस मौके पर उनके साथ कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता के अतिरिक्त जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार, जिला आई टी प्रमुख विकास कथूरिया,पवन वालिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सुरेश जागलान सहित अन्य मौजूद रहे।

## वीमेन क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

# सामाजिक बदलाव एवं महिला सशक्तिकरण की शक्तिशाली ताकत होती है खेल: नरवाल

टूर्नामेंट की फाइनल विजेता टीम को ट्राफी के साथ-साथ 51000 की नकद प्रोत्साहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सुमित नरवाल वैलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से करनाल के निशान पब्लिक स्कूल में क्रिकेट एकेडमी आफ नरवाल द्वारा आयोजित स्वर्गीय ठाकुर धूम सिंह की याद में दूसरे वोमेन क्रिकेट टूर्नामेंट का आज करनाल के पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया द्वारा शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर क्रिकेटर सुमित नरवाल ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर टूर्नामेंट के आयोजक क्रिकेटर सुमित नरवाल ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 10 टीमें भाग ले रही हैं ओर टूर्नामेंट की फाइनल विजेता टीम को ट्राफी के साथ साथ 51000 की नकद प्रोत्साहन राशि और दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को ट्राफी के साथ साथ 31000 नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर मुख्य अतिथि के तौर पर करनाल के पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया ने कहा कि खेल हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति को सुधारने का अद्वितीय माध्यम है। जब हम खेल खेलते हैं, तो हमारे शरीर की कसरत होती है, हमारी हड्डियों, मांसपेशियों और लिगामियों की मजबूती बढ़ती है और हम तंदुरुस्त और मजबूत बनते हैं। इस मौके पर सुमित नरवाल ने अपने सम्बोधन में महिला क्रिकेट सिर्फ़ एक खेल नहीं है; यह सामाजिक बदलाव और सशक्तिकरण के लिए एक शक्तिशाली ताकत है। आज टूर्नामेंट के पहले दिन राजेश पाठक क्रिकेट एकेडमी और क्रिकेट एकेडमी नरवाल के बीच मैच खेला गया जिसमें राजेश पाठक क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 37 ओवर में 106 रन बनाए ओर उसकी पूरी टीम को पैवेलियन का रास्ता देखना पड़ा और उसके जवाब में क्रिकेट एकेडमी आफ नरवाल करनाल की टीम ने इस आसान से लक्ष्य को 19 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर पार करते हुए जीत का सेहरा अपने नाम किया।

इस अवसर पर क्रिकेटर सुमित नरवाल के अतिरिक्त सौरभ सिंगला, नीटू मान,डा अशोक कुमार, प्रवीण अरोड़ा,गुरमीत कपूर, दिनेश खोखर, सुखबीर सिंह, सतीश राणा, अमित नरवाल,रोबिन स्वराज, लखविंदर मैहला, पुनीत ओर उधम राणा मौजूद रहे।

### रक्तदान शिविर में 60 युवाओं ने किया रक्तदान

**इंद्री।** निफा की इंद्री शाखा द्वारा गांव रिंडल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे गांव के युवाओं ने 60 यूनिट रक्तदान किया। निफा के प्रदेशाध्यक्ष श्रवण शर्मा ने बताया कि संवेदना 2 अभियान के तहत सभी 28 राज्यो, 8 केंद्र शासित प्रदेशों व सभी 800 जिलों में 16 से 30 मार्च तक 2400 रक्तदान शिविर लगाए जाएगे। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आपकी एक यूनिट रक्त से 3 लोगो की जान बचाई जा सकती है । निफा इंद्री सदस्य करणजीत सिंह व नीरू देवी ने कहा कि निफा इंद्री इस अभियान में लगातार रक्तदान शिविर लगाकर अपना सहयोग देगी व युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करती रहेगी। निफा इंद्री सदस्य नवीन कांबोज व नवीन भाटिया ने गांव रिंडल में पहला रक्तदान शिविर आयोजित कराकर युवाओ को रक्तदान के प्रति जागरूक किया।

## खबर संक्षेप

### लिव इन में रह रहा युवक लापता

**पानीपत।** चांदनी बाग थाना पुलिस को दी शिकायत में मूल निवासी शाहबाद, कुरूक्षेत्र हाल निवासी हुडा सेक्टर 11-12 पिछले छह माह से अपने दोस्त राहुल के साथ रह रही है। वहीं राहुल 14 मार्च की सुबह घर से सब्जी-दूध लेने गया था। इसके बाद से वह लापता है। महिला की शिकायत पर चांदनीबाग थाना पुलिस ने राहुल की गुमशुदगी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### पति लापता, गुमशुदगी का केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में महिला मूल निवासी मुरादाबाद हाल निवासी गांव पल्हेडी का पति अमित 12 मार्च से लापता है। महिला ने बताया कि अमित भी मुरादाबाद का निवासी है और दोनों ने हाईकोर्ट में शादी की थी। पुलिस ने अमित की गुमशुदगी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने झांबा गांव में नशा तस्कर कपिल पुत्र सतबीर निवासी गांव झांबा को 140 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### जीयू का दीक्षांत समारोह 22 को

**इसराना।** गीता यूनिवर्सिटी में 22 मार्च को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। जीयू के प्रथम बैच के 160 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री वितरित की जाएगी। जीयू के रजिस्ट्रार डॉ. अशोक अरोड़ा ने बताया कि जीयू के विभिन्न विभागों से परीक्षा पास करने वाले 161 विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में डिग्री वितरित की जाएंगी।

### टीबी रोगियों को आहार कीट दी

**पानीपत।** आयुष्मान मंदिर गांव कुराड़ में टीबी मरीजों को पानीपत रिफाइनरी के सहयोग से पोषण आहार कीट बांटी। स्वास्थ्य कर्मी सतबीर सिंह ने बताया की इस प्रोटीन कीट मे 2 प्रोटीन के डिब्बे, 1 किलो चावल, 1 किलो दाल, 1 किलो चने व 1 पैकेट सोयाबीन का शामिल है। सतबीर सिंह ने बताया कि सरकार टीबी मरीजों को हर माह एक हजार रुपये बैंक खातों में दे रही है। मौके पर रीना, संतरा, सोनिया मौजूद रहीं।

### वंदना महोत्सव कार्यक्रम 23 को

**पानीपत।** पानीपत के प्राचीन ऐतिहासिक श्री देवी मंदिर में 23 मार्च को श्री श्याम रस सेवा समिति द्वारा वंदना महोत्सव नामक कार्यक्रम होगा। रविवार को देवी मंदिर में सुबह 10 बजे श्री देवी मंदिर में भूमि पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा। भूमि पूजन होते ही संकीर्तन का पंडाल लगना प्रारंभ हो जाएगा भूमि पूजन के मुख्यातिथि समाजसेवी जगदीश जैन रहेंगे। मंदिर में 23 मार्च को होने वाले कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक कन्हैया मित्तल आएंगे। वहीं, उनके साथ कई भजन गायक भी इस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे।

### होली का त्योहार हर्षोलास से मनाया

**पानीपत।** श्री सोमनाथ धाम आश्रम निम्बरी में होली का त्योहार हर्षोलास से मनाया गया। दीपक दरबार की पार्टी से आए कलाकारों ने राधा एवं कृष्ण का स्वरूप धारण करके पूरी संगत को नाचने के लिए मजबूर कर दिया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम शर्मा, डा. जगजीत आहूजा, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, गिरीश अरोड़ा, रमेश आर्य, सुभाष सोनी, जगदीश खुराना, गणेश ठाकुर, रमेश ढींगर, चुन्नीलाल चावला, ब्रह्मदत्त शर्मा, वीना चुघ, सुनीता पांचाल, दीपा जुनेजा, भावना सलूजा, रानी, प्रवीन खुराना, पुष्पा आदि मौजूद रहे।

### छात्रों को विदाई दी

**पानीपत।** नूरवाला स्थित मोहित पब्लिक स्कूल में आज विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी विदाई समारोह की प्रस्तुति दिखाई।

## भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी : पवार

# जनता की समान रूप से सेवा कर रही है भाजपा सरकार : कृष्ण



पानीपत। खनन मंत्री कृष्ण पंवार जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

### मंत्री कृष्ण लाल पंवार का ग्रामीणों ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का रविवार को गांव भंडारी में जोरदार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मंत्री कृष्ण लाल पंवार को ग्रामीणों द्वारा खुली जीप में कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया और उनका पगड़ी पहनाकर स्वागत और अभिनंदन भी किया गया। भारी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विकास, पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि विगत 10 सालों में भाजपा की सरकार में जिस तरह से समानता पर जोर देकर विकास कार्य किए गए हैं, यह विकास कार्य निर्बाध रूप से आगे भी चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सहित इसराना विधानसभा में भी विकास कार्यों में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो निर्णय लिए हैं वे ऐतिहासिक हैं। इन निर्णयों से प्रधानमंत्री ने साबित कर दिया है कि देश और देश की जनता की सेवा ही उनके लिए सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है, देश की जनता उसे पूरा करने में अपना भरपूर सहयोग देगी। प्रदेश में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास का जो खाका तैयार किया गया है। उससे हरियाणा प्रदेश उन्नति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। कार्यकर्ताओं के बिना पार्टी अधूरी है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ की हड्डी है। भाजपा की एकमात्र ऐसा संगठन है जहां कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पिछले 10 साल का कार्यकाल विपक्ष के 60 सालों पर भारी हैं। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्ष बौखलाया हुआ है।

#### भाजपा ने धरातल पर विकास किया

पंवार ने कहा कि विकास के मामले में देश ने जो तरक्की की है वह किसी से छिपी नहीं है। पहले विकास केवल कागजों में होता था लेकिन भाजपा सरकार जब से आई है भाजपा ने धरातल पर विकास किया है।



पानीपत। अटल कैंटीन में भोजन करते हुए मंत्री कृष्ण लाल पंवार, आदि।

### कमेरे वर्ग की हितैषी है भाजपा सरकारः पंवार

- मतलौडा मंडी में अटल किसान मजदूर कैंटीन का शुभारंभ किया, आढतियों की समस्याओं के हल के निर्देश

**इसराना।** पानीपत के गांव मतलौडा की अनाज मंडी में मार्किट कमेटी ने सरकार द्वारा चलाई गई अटल किसान मजदूर केंटीन के शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के विकास एवं पंचायत व खनन भू विज्ञान विभाग के मंत्री कृष्णलाल पंवार ने किया। वहीं मंत्री पंवार का अनाज मंडी मडलौडा मार्केट कमेटी के सचिव पवन कुमार, अनाज मंडी मडलौडा के प्रधान दीपक गर्ग ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पंचायत व खनन मंत्री कृष्णलाल पंवार ने अटल किसान मजदूर कैंटीन का रिबन काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान मंत्री कृष्णलाल पंवार ने मार्किट कमेटी के अधिकारियो व आढ़तियों, किसानों के साथ कैंटिन का निरीक्षण भी किया। इधर, मंत्री पंवार ने निरीक्षण उपरांत मौके पर उपस्थित अधिकारियों को अटल किसान मजदूर कैंटीन में किसानों के लिए उनकी जरूरत के अनुसार सुविधाएं देने के निर्देश दिए। दूसरी ओर, मंत्री पंवार ने अटल किसान मजदूर कैंटीन के नियमानुसार 10 रुपये की पर्ची कटवा कर अनाज मंडी के आढ़तियों व किसानों के बीच बैंच पर बैठक खाना खाया और भोजन की सरहाना की। वहीं मंत्री स्वयं भी कैंटीन का निरीक्षण किया करेगे। इधर, मंत्री पंवार ने आढ़तियों व किसानों की सुनवाई की। वहीं, अनाज मंडी आढती एसोसिएशन के प्रधान दीपक गर्ग, पूर्व प्रधान विजय छाबड़ा, पूर्व प्रधान बजिन्दर टामक आदि ने आढ़तियों के लाइसेंस रिन्यू कराने, बिजली की आपूर्ति सुचारू करने, प्लेटफार्म, मंडी से बाहर गेंहू की फसल डालने की परमिशन की मांग रखी। मंत्री पंवार ने बिजली निगम के एसडीओ को मंडी में बिजली की आपूर्ति सुचारू करने व आईटीआई व कॉलेज के पास गेंहू के स्थान निर्धारित करने की अनुमति बारे भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



पानीपत। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की आरती करते हुए कपिल मखीजा।

## गोहत्या के पाप से कभी नहीं मिलती मुक्ति

- समाजसेवी कपिल के घर पर हुआ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का चरणपादुका पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 स्थित अपने निवास स्थान पर कपिल मखीजा ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज की चरणपादुका का पूजन कर आशीर्वाद लिया। कपिल मखीजा के परिजन व सबंधियों ने भी महाराजश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच संचालन सूर सम्राट लेखराज जताना ने किया तथा महाराजश्री के आने तक संगत को अपने सूरों के माध्यम से बांधे रखा। वहीं मीडिया से बातचीत में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि सच्चा सनातनी वही है जो गाय को कटते हुए नहीं देख सकता। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है तथा गाय काटने को महापाप बताया गया है। उन्होंने कहा कि वैसे तो गौहत्या बंद कराने के लिए कई संत आंदोलन कर चुके हैं पर वह इस निर्णायक स्तर पर ले जाना चाहते हैं। कुंभ के दौरान उन्होंने सरकार को 33 दिन का समय दिया था जो 17 मार्च को पूरा हो रहा है। इसलिए वे दिल्ली में सडकों पर घूमकर विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यालयों में पहुंचेंगे तथा पार्टियों से खुलकर सवाल किया जाएगा की वह गौहत्या के पक्ष में हैं या विरोध में। इसके बाद ही हिंदू कोई निर्णय लेंगे। वहीं, स्वामी जी ने कहा कि पहले सच्चे समातनी बनों इसके बाद ही तो भारत सनातन राष्ट्र बन पाएगा। इस अवसर पर कपिल मखीजा, सुरेंद्र ढीगड़ा, निशु जैन, जतिन रावल, संजीव मलिक, सतीश शर्मा, पार्षद अंजलि शर्मा, दीपांशु चौधरी, मानव गोयल, आचांल जैन, गौत्त्म मखीजा, मोहन मखीजा, सविता आर्य व देवेंद्र कथूरिया आदि मौजूद रहे।

## सिद्ध श्री बाबा बालकनाथ का जन्मोत्सव मनाया

- बाबा जी का गुणगान भजन सम्राट प्रिन्स बजाज ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

सिद्ध श्री बाबा बालकनाथ का जन्मोतसव मन्दिर शिव शक्ति सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ जी खन्ना रोड किशनपुरा में गुरू मां प्रेमगिरि महाराज बेरी वाले की अध्यक्षता में मनाया गया। बाबा जी के जन्मोत्सव पर फिरोजपुर पंजाब से आए श्री श्री 1008 श्री बलदेव गिरि जी महाराज ने भक्तों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। बाबा जी का गुणगान भजन सम्राट प्रिन्स बजाज ने किया। कार्यक्रम के समापन पर बाबा जी की आरती वन्दन कर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अश्विनी जिन्दल, हरीश धमीजा, कपिल वर्मा, चिराग तनेजा, जय भगवान, चन्द्रभान वर्मा, गौरव कक्क ड़, हर्ष सचदेवा, आकाश वर्मा, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।



पानीपत। सिद्ध श्री बाबा बालकनाथ का पूजन करते हुए श्रद्धालुगण। *फोटो: हरिभूमि*

## भव्य तरीके से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

- हनुमान जन्मोत्सव इस वर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा दिवस 12 अप्रैल को मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हनुमान जन्मोत्सव पर पानीपत के राजा की सवारी धर्म कुंभ के रूप में निकाली जाएगी।

यह घोषणा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने की पानीपत के धर्म को हनुमान जन्मोत्सव की घोषणा गीता ज्ञान स्थली कुरुक्षेत्र की धरती से की। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव इस वर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा दिवस 12 अप्रैल को मनाया जाएगा इस दिन हनुमान जी की सवारी पानीपत नगर भ्रमण यात्रा पर आशीर्वाद देने के लिए निकलेगी इस वर्ष शोभा यात्रा शिव मंदिर साइ बाबा चौक से निकालकर भीमगोडा मंदिर सिटी चौक अमर भवन चौक के रास्ते पुरबिया घाटी प्रकटेश्वर शंभू हनुमान मंदिर पर पहुंचेगी जहां पानीपत की सभी धार्मिक सामाजिक शैक्षणिक संस्थाएं मिलजुलकर एक धर्म कुंभ का आयोजन कर रहे हैं स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि यह आयोजन किसी एक संस्था का न होकर पानीपत की समस्त धार्मिक संस्थाओं के का सांझा कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में पानीपत के आसपास के एवं पानीपत से जुड़े सभी संत समाज के प्रमुख संत आशीर्वाद देने के लिए मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर रमेश माट सतबीर गोयल सूरज दूरेजा कृष्णा रेवाड़ी विकास गोयल प्रीतम गुर्जर पं निरंजन पाराशर संजय बंसल आदि मौजूद थे।




पानीपत। हनुमान जन्मोत्सव की उद्घोषणा करते हुए गीता मनीषी ज्ञानानंद आदि।

## भगवान का स्वरूप है रक्तदाता : सचदेवा

- श्रीराम दशहरा कमेटी ने नवनिर्वाचित पार्षदों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

श्रीराम दशहरा कमेटी की जनरल मीटिंग प्रधान भीम सचदेवा की अध्यक्षता में हर्ष गार्डन में हुई। महासचिव सुभाष गुलाटी ने बताया कि 23 मार्च को शहीदी दिवस पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत और ब्लड बैंक सिविल हॉस्पिटल के साथ मिलकर विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इसके साथ ही आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से मुफ्त चश्मा वितरण एवं डॉक्टर प्रशांत शर्मा के सहयोग से दंत जांच शिविर भी लगाया जाएगा। शिविर में हरियाणा सरकार से शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, मेयर कोमल सैनी, सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा मुख्यातिथि रहेंगे, चंद्र शेखर शर्मा, मुकेश टुटेजा, प्रवीण मुंजाल वशिष्ठ अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड 1 से 6 के पार्षद अनीता परुथी, काजल शर्मा, अनिल बजाज, अंजली शर्मा, जयदीप अरोड़ा, कोमल पांचाल करेंगे। वहीं, मीटिंग में श्रीराम दशहरा कमेटी के सदस्य वार्ड 1 से पार्षद अनीता परुथी के पति सुरेंद्र परुथी, वार्ड 3 से पार्षद अनिल बजाज, वार्ड 5 से पार्षद जयदीप अरोड़ा को सम्मानित किया गया। बैठक में कमल आहूजा ने बताया कि रक्तदान शिविर के लिए सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया हैं। रक्तदाता भगवान का स्वरूप है। ईएसआई हॉस्पिटल का स्टाफ भी इसमें सेवा करेगा। महेंद्र क्वात्रा व जनसेवा दल से चिमन गुलाटी ने भी शिविर में सहयोग करने का वायदा किया। बैठक में सुनील छिन्दा, सुभाष बठला, हरबंस आनंद, मीडिया प्रभारी सुनील थम्मन, हरीश अरोड़ा, विपिन, राधे श्याम नासा, रमेश सतीजा, सुनील चोपड़ा, बंटी चुघ, महेंद्र, सुनील आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। श्री दशहरा कमेटी के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए सदस्यगण।

## मरम्मत के चलते दिन भर बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मरों की मरम्मत की

पानीपत में रविवार को रिहायशी व औद्योगिक क्षेत्रों में मरम्मत के चलते बिजली सप्लाई बंद रही। निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मरों की मरम्मत की।

इधर, बिजली निगम के पानीपत सर्कल के अधीक्षक अभियंता धर्म सुहाग ने बताया कि रविवार की सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक 33 केवी बापौली, 33 केवी जलालपुर, 33 केवी निजी सब स्टेशन गोल्डन, 33 केवी मित्तल, 33 केवी अभिटेक्स, 11 केवी कटारिया, रामा कृष्णा, गांव बापौली, रामड़ा, रिशपुर, नहरपार, गोशाला, गोला, सिंबला, अधमी, जलमाना, संजौली, भल्लौर, जांबा, 11 केवी निजी फीडर सचदेवा, जिंदल, हेचरी, शनि मंदिर व आसपास की बिजली बंद रही। इधर, 11 केवी निजी फीडर हिमसागर, गाबा टेक्स, साई राम, ओम टेक्सटाइल, गोल्डन, शिव शरणम, ग्रोवर, ग्रीन इको, सुरेश सिंगला व आसपास की बिजली सुबह 10:30 से 12:30 बजे तक बंद रही।

### छाजपुर खुर्द में नाले के निर्माण का विरोध

**पानीपत।** पानीपत के गांव छाजपुर खुर्द में बनाए जा रहे नाले में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। आज ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया कि मानक के अनुसार निर्माण सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि मुख्य अभियंता, एक्सईएन, व जेई तक देखने नहीं आते हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार इस निर्माण कार्य में घटियां ईंटों व हल्की सीमेंट का उपयोग कर रहा है। जिससे उसकी मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि नाले के लिए खोदी गई मिट्टी को ठेकेदार बेच रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच करा ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है।

## सरकारी स्कूल में बढ़-चढ़ कर दाखिले करवाने को अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- छात्रों की संख्या 300 होने पर राजकीय स्कूल को मिलेगा पीएमश्री का दर्जा

पानीपत के सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा गांवों में घर-घर जाकर ग्रामीणों से दाखिला करवाने की मुहिम चलाई है। इसी को लेकर प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के पैतृक गांव कवि में शिक्षा विभाग का रथ पहुंचा। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा द्वारा ग्रामीणों को गांव के सरकारी स्कूल में बढ़ चढ़ कर दाखिले करवाने को अपील की। जिला शिक्षा अधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि अगर शिक्षा मंत्री के गांव से स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या 300 से ज्यादा होगी तो गांव के स्कूल को पीएमश्री बनाया जाएगा। जिसके बाद गांव के बच्चों की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से करवाई जाएगी। ग्रामीणों द्वारा इस मुहिम में गांव के सरकारी स्कूल में ज्यादा से ज्यादा संख्या में दाखिले करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मनीष गुप्ता, बीआरसी रणधीर, स्कूल प्रिंसिपल सुरेश देसवाल, रणदीप मान, ग्रामीण प्रेम शर्मा, सत्यनारायण, सरपंच, पंच सहित भारतीय संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मैराथन का भव्य आयोजन, सैकड़ों धावकों ने मैराथन में दिखाया दम

# इंसान को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

पानीपत के गांव देहरा में रविवार को खेल स्टेडियम में सैनी सेवा ट्रस्ट द्वारा दूसरी मैराथन महिला व पुरुष का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर से आए हुए हजारों धावकों ने बढ़-चढ़ कर अपना दम दिखाया। इस दूसरी भव्य मैराथन (पुरुष) दौड़ प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भारतीय कुश्ती जगत के दिग्गज दिनेश कपूर ने खेलों के महत्व पर बारीकी से प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं,साथ ही सामाजिकता और टीम वर्क को भी बढ़ावा देते हैं। कपूर ने कहा कि सैनी सेवा ट्रस्ट इस तरह के कार्यक्रम करके समाज को एक नई दिशा देने का काम कर रहा है। इसी बीच ठेकेदार राकेश कुमासपुर ने खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इनके बल पर ही हम जीवन की बुलंदियों पर पहुंच सकते हैं।



पानीपत। सैनी सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित मैराथन में विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए अथितिगण। *फोटो: हरिभूमि*

#### नशा नाश की जड़ हैं जिसे हर हाल में खत्म किया जाना चाहिए

राकसेड़ा के सरपंच रामधन सैनी ने कहा कि अगर युवाओं को जीवन में आगे बढ़ना है तो आज के मौजूदा प्रतियोगिता के इस युग में युवाओं को शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में कड़ी मेहनत करनी होगी और नशे से दूर रहना होगा। इधर, कमल कुटिया समालखा के प्रमुख संत सुंदर दास ने कहा कि नशा नाश की जड़ हैं जिसे हर हाल में खत्म किया जाना चाहिए। इस मौके पर सुनील छिक्कारा, जितिन, मोहित, आशीष मलिक, निशांत, आकाश धनखड़, अनिल सैनी, सतीश, मोहन लाल सैनी, संकेत, रामफल, राजकुमार, प्रेम, पंकज, संजय, अनिल कुमार सैनी, बलवान सिंह, सतीश कुमार, सुरेश, पप्पू, मदन सिंह रोहतक, विक्की, बलजीत, मोहित, सोनी, जतिन, कुलदीप, जयपाल, अनीता, सरोज बाला आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बालिका को घर ले जाकर पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव में घर में ले जा बालिका के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने बालिका की मां की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट तथा दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई है।

### घर में लगी आग, गाय जली और बछड़ा झुलसा

**जींद।** राम कॉलोनी में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक मकान का सारा सामान जल गया और एक गाय भी आग की भेंट चढ़ गई और बछड़ा झुलस गया। लोगों का कहना था कि आग बिजली के शार्ट सर्किट होने के कारण लगी थी। गाय के शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

### रक्तदान से नहीं आती कमजोरी : डा. राजेश

**जींद।** उचाना स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के तौर पर उचाना सेवा ग्रुपके संस्थापक एवं एसडीएम हांसी डा. राजेश खोथ पहुंचे तो अध्यक्षता नायब तहसीलदार सुरेश कुमार ने की। शिविर में 120 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। डा. खोथ ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी नहीं आती इसलिए हमें समय समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

### वन मजदूरों को भी नहीं मिला स्थायी रोजगार

**जींद।** वन मजदूर यूनियन का पांचवां सम्मेलन मजदूर भवन धागा मिल कॉलोनी में हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रकाश सिंह लाठर व संचालन सेवा सिंह ने की और उदघाटन सीटू जिला सचिव कपूर सिंह ने किया। उन्होंने भारत सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की व आगामी खतरों से अवगत करवाते हुए कहा कि वन मजदूर देश व प्रदेश के वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ व पौधे लगाते हैं और उनकी सुरक्षा करते हैं लेकिन प्रदेशभर में इन मजदूरों का शोषण होता है।

### अभिषेक बने बुक बैंक के अध्यक्ष, सूरज को हराया

**जींद।** सामाजिक संस्था सर्वजन एजुकेशनल एंड वोकेशनल संस्था द्वारा संचालित बुक बैंक के अध्यक्ष पद के चुनाव में अभिषेक ने जीत हासिल की है। इस चुनाव में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सूरज को 12 वोट के अंतर से पराजित किया। संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र कटारिया और महासचिव राजकुमार ने अभिषेक जुलाना को बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में बुक बैंक और अधिक प्रभावी ढंग से शिक्षा और ज्ञान के प्रचार-प्रसार में योगदान देगा। अभिषेक ने कहा कि वे बुक बैंक की सेवाओं को और विस्तारित करने, जरूरतमंद छात्रों तक अधिक से अधिक पुस्तकें पहुंचाने का कार्य करेंगे।

### ब्रह्माकुमारी शांतिधाम की ओर से आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

# नकारात्मक विचार इंसान की वृत्ति व वातावरण को बनाते हैं दुखदायी: शैली

**अपने मन, बुद्धि, भावना और विचारों को स्वस्थ बनाए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी स्थित दयालबाग ब्रह्माकुमारीज़ शांतिधाम की ओर से वशिष्ठ नगर में अच्छे विचार सुखमय संसार विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने इस विषय पर बताते हुए कहा कि हमारा हर संकल्प एक ऊर्जा है जो हमारे जीवन को गति, दशा और दिशा प्रदान करता है। सकारात्मक सोच सुखमय जीवन का आधार है। नकारात्मक विचार अपने आप में एक ऐसी ऊर्जा है जो इंसान की वृत्ति, वाइब्रेशन और वातावरण को दुखदायी बनाती है। यह खुद या दूसरों के लिए समस्याएं उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने दैहिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुंदरता पर ध्यान रखने के साथ-साथ अपने मन, बुद्धि, भावना और विचारों को स्वस्थ, शुद्ध, सुंदर और सकारात्मक बनाने की जरूरत है। उसके लिए हमें अपने अंदर निरंतर चल रहे संकल्प और भावनाओं का निरीक्षण कर उनमें परिवर्तन करने की जरूरत है। इससे हम वातावरण में बढ़ रही नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त कर सकते हैं। इससे हम सबके प्रति शुभ भावना व शुभकामना रूपी सकारात्मक शक्तियों की मात्रा को स्वयं में और दुनिया के हर स्तर पर बढ़ा सकते हैं। देखा जाए तो ज्यादातर लोग भौतिक चकाचौंध से दूर रहना चाहते हैं। किसी गहरी शांति या मानसिक सुकून की तलाश में हैं। यह तलाश आध्यात्मिक शक्तियों से संपन्न व्यक्ति और वातावरण के सान्निध्य में आने से ही पूरी हो सकती हैं। इसके साथ ही व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिक मूल्य और ईश्वरीय योग के नियमित अभ्यासी और अनुभवी बने।



**अंबाला।** कार्यक्रम में मंचासीन बीके बहनें। *फोटो: हरिभूमि*

**शिव ध्वजारोहण किया**

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुमन दीदी ने स्वयं की पहचान बताते हुए कहा स्वयंम को आत्मा समझ अपना हर कर्म करेंगे तो देह का अभिमान स्वत ही समाप्त हो जाएगा। कार्यक्रम में शिव ध्वजारोहण किया गया। कुमारी पाखी ने परमात्मा की स्मृति के बहुत सुंदर गीत गाए। कार्यक्रम में एडवोकेट राज कुमार, सीता राम भाई, डॉक्टर जीतराम व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कुमारी शिवसी ने मंच संचालन किया।


**नारायणगढ़।** विचार प्रकट करती ब्रहमाकुमारी बहनें व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

## अच्छा इंसान बनना है तो खुद की बुराइयों को करना होगा खत्म

- बीके पाठशाला में शिव जयंती तथा होली महोत्सव पर लोगों को मेडिटेशन की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बीके पाठशाला में रविवार को शिव जयंती तथा होली महोत्सव मनाया गया। सेवा केंद्र इंचार्ज बीके हरदीप दीदी ने सभी को दोनों त्यौहारों की बधाई दे तथा शिव परमात्मा के इस दुनिया में अवतरित होने का ध्वजारोहण का रहस्य बताया। इसके साथ ही उन्होंने होली के त्यौहार का भी आध्यात्मिक रहस्य समझाया कि जब शिव परमपिता परमात्मा इस दुनिया में अवतरित होते हैं तो वह हमें ज्ञान गुण शक्तियों का के रंग में रंग देते हैं। उन्हें रंगो से हमें रंगी में रहना चाहिए , उसी का यादगार होली मनाई जाती है। साथ में अपने बुरे संस्कारों को खत्म करना चाहिए। बुरी आदतों को जलाना चाहिए जिसकी यादगार होलिका दहन बनाया जाता है। यदि हमें अपने आप को अच्छा बनाना है अपनी बुराइयों को खत्म करना है। अपनी बीमारियों को ठीक करना है तो उसका एकमात्र उपाय मेडिटेशन है जो प्रताप पिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सिखाया जाता है।


**अंबाला।** गुरमत समागम को लेकर सहज पाठ साहब का भोग पाते हुए संगत।

## 28 वें गुरमत समागम की तैयारियों को लेकर मंथन

- गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सेवा सिमरन सोसायटी की हुई अहम बैठक, मंत्री अनिल विज भी लेने पहुंचेंगे आशीर्वाद
- नगर कीर्तन के रूप में गुरुद्वारा साहिब से समागम स्थल तक ले जाया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के बीसी बाजार स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सेवा सिमरन सोसायटी की एक अहम बैठक हुई। इसमें आगामी 23 मार्च दिन रविवार को होने वाले 28 वें गुरमत समागम के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी के प्रधान ब्रह्मजीत सिंह खालसा ने की जिसमें 28 वें गुरमत समागम के बारे में विचार विमर्श किया गया। सोसायटी के आए हुए सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे। बैठक से पहले गुरमत समागम को लेकर सहज पाठ साहब के भोग पाए गए। उसके उपरांत गुरु के अटूट लंगर वारताए गए । खालसा ने बताया कि यह गुरमत समागम 23 मार्च को शाम 5 बजे से लेकर रात 2 बजे तक गांधी ग्राउंड अंबाला छावनी में कारवाया जा रहा है। इसमें भाई चमनजीत सिंह लाल दिल्ली वाले, भाई मनप्रीत सिंह कानपुर वाले, भाई सरबजीत सिंह पटना साहिब वाले, भाई शौकीन सिंह जी हुजूरी रागी श्री दरबार साहिब, भाई शुभदीप सिंह हुजूरी रागी श्री दरबार साहिब, भाई सतनाम सिंह श्री पंजोखरा साहिब वाले इलाही वाणी द्वारा संगतों को निहाल करेंगे। खालसा ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब का स्वरूप शाम 4 बजे एक नगर कीर्तन के रूप में गुरुद्वारा साहिब से समागम स्थल तक ले जाया जाएगा। खालसा ने कहा कि इस समागम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का आशीर्वाद लेने के लिए परिवहन एवं बिजली मंत्री अनिल विज पधारेंगे। आई हुई संगतों के लिए गुरु के अटूट लंगर व कई अन्य खाद्य पदार्थ बरताए जाएंगे। इस अवसर पर केवी सिंह, एवी सिंह, अमनप्रीत सिंह, जसमीत सिंह, गुरप्रीत सिंह,सिमरन प्रीत सिंह, सुखदेव सिंह भूपिंदर सिंह, सतबीर सिंह भी मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक

- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के द्वितीय दिन की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस गीत गाकर की गई।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूजा बैरागी ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. बिन्नी पाहवा ने डिजिटल इंडिया विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि डिजिटल इंडिया पहल का उद्देश्य देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज में बदलना है, जिसमें बुनियादी ढांचे का उन्नयन, डिजिटल साक्षरता में वृद्धि और ई-सेवाओं का विस्तार शामिल है। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव रजौली में जाकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली।



**बराड़ा।** रैली निकालते हुए स्वयंसेवक। *फोटो: हरिभूमि*

# पुरोहितों ने सांसद से की मुलाकात

- 20 अप्रैल को सांसद कार्तिकेय शर्मा को किया जाएगा सम्मानित
- पुरोहितों का मानदेय निर्धारित करने एवं ब्राह्मण विकास बोर्ड का गठन हेतू दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा से सनातन धर्म पुरोहित मंडल के अनेक सदस्यों ने संरक्षक पंडित तिलक राज शर्मा के मार्गदर्शन में उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर सनातन धर्म पुरोहित मंडल द्वारा पुरोहितों का मानदेय निर्धारित करने एवं ब्राह्मण विकास बोर्ड का गठन शीघ्र करवाने हेतु ज्ञापन भी दिया गया। राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही इस विषय पर सरकार से चर्चा करेंगे। वर्ष 2022 में करनाल के ब्राह्मण सम्मेलन में तत्कालीन सीएम मनोहर लाल खट्टर द्वारा पुरोहितों का मानदेय निर्धारित करने बारे घोषणा की गई थी। इस बारे कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर इसे पूरा करवाएंगे। इस अवसर पर मंडल के सदस्य पंडित अमित कालिया, पंडित दिनेश शर्मा, पंडित रामरतन, संजीव शर्मा जंडली भी उपस्थित रहे।


**अंबाला।** सांसद कार्तिकेय शर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए सनातन धर्म पुरोहित मंडल के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

**सांसद को दिया आमंत्रण**

सनातन धर्म पुरोहित मंडल के प्रधान संजीव मौदगिल ने 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार के लिए कार्तिकेय शर्मा को अंबाला में रखे गए कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। इसमें सनातन धर्म पुरोहित मंडल की तरफ से उनको सम्मानित किया जाएगा। मौदगिल ने यह भी बताया कि 23 मार्च को सनातन धर्म पुरोहित मंडल की विशेष बैठक रखी गई है जिसमें 20 अप्रैल को होने वाले इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी। ब्राह्मणों से एकजुट होने का आह्वान किया जाएगा।

# 24 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

- सामाजिक संस्था उम्मीद फाउंडेशन ने निभाई शिविर में अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

रविवार को हुसैनी के पूर्व सरपंच परमाल सिंह की पहली पुण्यतिथि पर उम्मीद फाउंडेशन के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन जाट धर्मशाला में लगाया गया। मेडिकल कालेज सेक्टर 32 चंडीगढ़ की हेड डॉक्टर रंजीत कौर की देखरेख में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किा गया। इस अवसर पर 124 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का मुख्यातिथि डीएसपी सूरज चावला द्वारा रिबन काट कर किया। इस मौके पर प्रधान गुरराज सिंह गिल ने डीएसपी सुरज चावला को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। डीएसपी सूरज चावला ने सभी को बढ़ चढ़ कर रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा की रक्तदान करने से शरीर में खून दोबारा बन जाता है शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकता है। गिल ने कहा कि संस्था द्वारा यह तीसरा रक्तदान कैंप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था सामाजिक कार्यों आयोजन करती रहती है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रामकरण, अनिल कुमार, उदय रामगढ़, संजीव नेहरा,संदीप गिल, राजेश, सुरजीत मोमनपुर, रजनीश रत्तूवाला, प्रवीण सहगल, मंजीत सिंह, धर्मेंद्र हुसैनी भी मौजूद रहे।


**नारायणगढ़।** रक्तदान करते रक्तदाता। *फोटो: हरिभूमि*

# 67 लोगों की आंखें जांची

- शिविर के आयोजन में कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक ने सहयोग किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

श्री सनातन धर्म महावीर दल के तत्वाधान में रविवार को लगाए गए निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 67 नेत्र रोगियों ने अपने नेत्रों की विभिन्न बिमारियों की जांच करवाई। स्थानीय बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल अंबाला शहर से आई विशेषज्ञों की टीम ने लोगों की आंखों की बीमारियों की जांच की। उन्हें निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। उन्हें चश्मे के नंबर भी दिए गए। उन्होंने बताया कि हर महीने के तीसरे रविवार को संस्था द्वारा शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपनी आंखों की जांच करवाकर लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी, उप प्रधान विनोद वर्मा,आदर्श गुप्ता, नरेश कुमार कोषाध्यक्ष, राजपाल धीमान, कैम्प ईंचार्ज सतीश अग्रवाल व मा.सोमनाथ शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


**नारायणगढ़।** कैंप में नेत्र रोगियों की जांच करते विशेषज्ञ। *फोटो: हरिभूमि*

### देश की संस्कृति को बचाना है तो गाय को बचाना होगा

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथा वाचक अनिल शास्त्री ने बताया कि ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी श्रीः अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज ने हरियाणा प्रवास के दौरान कुरुक्षेत्र में सरपंच जितेन्द्र खैरा के घर रात्रि विश्राम किया एवम पादुका पूजन किया। पूर्व से निर्धारित संत गोपाल दास के संरक्षक में चल रहे पीपली गौशाला में पहुंचे। उसे पूर्व पीपली रेस्ट हाउस में स्वामी श्रीअविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार गाय के खिलाफ हो रहे अत्याचार को बंद करे और गौ हत्या पर रोक लगाए जिसके लिए उन्होंने सरकार को 33 दिन का समय दिया था और उन्होंने इसके लिए महाभारत की धरती धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को चयन किया। उन्होंने कहा कि देश की संस्कृति को बचाना है तो गाय को बचाना होगा जिसके लिए उन्होंने सभी कुरुक्षेत्र के वासियों से निवेदन किया है सभी एक देसी गाय अवश्य पाले जिससे गाय का संरक्षन हो सके।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### त्रिदिवसीय होला महल्ला समागम का धूमधाम से हुआ समापन

# होला महल्ला खालसा पंथ की चढ़दी कला का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

डेरा संत बाबा दलजीत सिंह बराड़ा में तीन दिवसीय होला महल्ला समागम बड़ी धूमधाम व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। संत बाबा दलजीत सिंह ने संगत को होला महल्ला समागम की लख-लख बधाईयां दी व इसके इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दशवें पातशाह गुरू गोबिंद सिंह महाराज ने होला महल्ला का आरम्भ आनंदपुर साहिब के किला होलगढ़ से किया था। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य गुरसिखों के भीतर फतेह के अनुभव को और अधिक दृढ़ करना था। उन्होंने कहा कि दशवें पातशाह खालसा को युद्ध विद्या में निपुण बनाना चाहते थे इसलिए उन्होंने होली के स्थान पर होला महल्ला की शुरूआत की। श्री आनंदपुर साहब में लाखों भक्तों की उपस्थिति में मनाया जाने वाला राष्ट्रीय त्यौहार होला महल्ला खालसा पंथ की चढ़दी कला का प्रतीक है। इससे पूर्व श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत श्री निशान साहिब की सेवा की गई। कीर्तन दरबार सजाए गए । इसमें महान रागी जत्थे भाई लखविंदर सिंह (शाहबाद वाले), बीबी मनप्रीत कौर खालसा (दिल्ली वाले) बीबी कमल गिल (दिल्ली वाले), भाई तजिंदर सिंह बराडा वाले, बाबा दलजीत सिंह (बराडे वाले), ढाडी जत्था भाई सुखदेव सिंह बेली (रोपड़ वाले), भाई सुखजिंदर सिंह (चंडीगढ़ वाले) संगत को कथा, कीर्तन व गुरु इतिहास सुनाकर निहाल किया।



**बराड़ा।** समागम में कीर्तन करते संत बाबा दलजीत सिंह एवं उपस्थित संगत।



**सांसद ने लिया अशीर्वाद**

इस समागम में सांसद वरूण चौधरी ने भी पहुंचकर दरबार साहिब का माथा टेका व आशीर्वाद लिया। बाबा दलजीत सिंह ने उन्हें भी सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया तथा कहा कि वरूण चौधरी के पिता फूलचंद मुलाना भी अक्सर इस समागम में उपस्थिति दर्ज करवाया करते थे। उनके सुपत्र वरूण चौधरी ने भी इस परंपरा को जारी रखा है। इस अवसर पर गुरू का लंगर अटूट बरताया गया।